# केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री ने किया नवनिर्मित भेल सदन का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

केंद्रीय भरी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने बीएचईएल दिवस के अवसर पर नवनिर्मित बीएचईएल सदन का उद्घाटन, विद्युत एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री, कृष्ण पाल गुर्जर की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर कामरान रिजवी, सचिव भारी उद्योग मंत्रालय, विजय मित्तल, संयुक्त सचिव भारी उद्योग मंत्रालय, के सदाशिव मूर्ति अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बीएचईएल, निदेशक एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। केंद्रीय भरी उद्योग मंत्री ने कहा कि यह 18 मंजिल भवन अत्याधुनिक तकनीक एवं मानकों के अनुरूप निर्मित एक ईको-फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग है जो पर्यावरण संरक्षण के लिए बीएचईएल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री 2070 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने पर विशेष बल दे रहे हैं। यह बड़ी खुशी की बात है कि यह भवन सोलर पावर सिस्टम से युक्त है और बीएचईएल की हरित ऊर्जा की दिशा में और आगे बढ़ने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। बीएचईएल की स्थापना देश को बिजली की



बड़ी मशीनें बनाने में आत्मनिर्भर बनाने के लिए की गई थी। उन्होंने कहाकि आज बीएचईएल राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए भारत की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। यह अपने विद्युत एवं अन्य सेक्टर्स के अलावा भारतीय रक्षा बलों के लिए भी महत्वपूर्ण उपकरणों और हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। बीएचईएल भारतीय नौसेना के लिए उन्नत एसआरजीएम गन्स की आपूर्ति कर रहा है जो कि युद्धक जहाजों के लिए अग्रिम पंक्ति के हथियार हैं। इसरो के सफल चंद्रयान 3 मिशन में भी बीएचईएल की

**ईको-फ्रेंडली**

**8 केंद्रीय भरी उद्योग मंत्री ने कहा कि यह 18 मंजिल भवन अत्याधुनिक तकनीक एवं मानकों के अनुरूप निर्मित एक ईको-फ्रेंडली ग्रीन बिल्डिंग है**

महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बीएचईएल ने इसके लिए बैटरियों और टाइटेनियम प्रोपेलेंट टैंकों की आपूर्ति की है। देखा जाए तो बीएचईएल न केवल ऊर्जा और इनफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयासरत है बल्कि यह रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 2000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता वाला नया भवन, दिल्ली-एनसीआर स्थित सभी कार्यालयों को एक ही कार्यालय से काम करने की सुविधा प्रदान करेगा और इसके परिणामस्वरूप बेहतर समन्वय और बेहतर प्रदर्शन होगा। उन्होंने व्यावसायिक आकार की कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए कोल इंडिया लिमिटेड और एनएलसी इंडिया लिमिटेड के साथ कंपनी द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों का विशेष उल्लेख करते हुए हरित ऊर्जा की दिशा में बीएचईएल के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर कामरान रिजवी, सचिव (एचआई) ने साझा किया कि किसी संगठन के पास अपनी संपत्ति होने से उसके कर्मचारियों को आत्मविश्वास और प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि बीएचईएल के गौरवशाली इतिहास और कद का प्रतीक यह नया भवन आने वाले दिनों में हम सभी के लिए प्रेरणा का काम करेगा। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल ने सभी का स्वागत करते हुए बीएचईएल के कर्मचारियों के परिश्रम की सराहना की तथा बीएचईएल के सतत विकास के लिए अधिक परिश्रम पर जोर दिया। इस अवसर पर बीएचईएल के कर्मचारियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

# क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**देहरादून, 03 जनवरी (हि.स.)।** उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कार्यकरिणी का विस्तार किया गया।

इस विस्तार के तहत रविंद्र ममगाई को केंद्रीय महामंत्री, उत्तम बिष्ट, सचिन थपलियाल, युवराज सामंत, संदीप जोशी, मुकेश कुंद्रा, गौरव रावत, विनीत सकलानी को केंद्रीय संगठन मंत्री बनाया गया जबकि कमल चंद, योगेश शुक्ला, गणेश भट्ट, कृष्णा नंद भट्ट को केंद्रीय संयुक्त सचिव गया है। सांगठनिक नियुक्तियों में प्रेम पड़ियार, पूजा पिसार्ली को केंद्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गयी। नेहा उनियाल को केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया। अर्जुन नेगी, विनोद सत्याल,




दयाल नेगी, पंकज घिल्डियाल, अंकेश भंडारी, किशन बिहारी पंडित, पीयूष भट्ट को केंद्रीय प्रचार मंत्री बनाया गया। परवीन चंद रमोला को देहरादून महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दीपक मेहता को जिलाध्यक्ष बागेश्वर, ओम गोस्वामी को जिलाध्यक्ष डीडीहाट नियुक्त किया गया। राजेंद्र सिंह बिष्ट ने बुधवार को बताया कि शीघ्र ही संपूर्ण प्रदेश में युवाओं को एकजुट कर जल,

**मांग**

**8 केंद्रीय महामंत्री रविन्द्र ममगांई ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द नई शिक्षा नीति लागू करे**

जंगल, जमीन और भू कानून, मूल निवास की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में इंवेस्टर समिट का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को रोजगार देना व पलायन रोकना होना चाहिए ना कि यहां की जमीनों को बेचकर कागजों में विकसित राज्य की बात करना। बिष्ट ने कहा कि उक्रांद की स्पष्ट रूप से मांग है कि राज्य के भीतर सभी निजी क्षेत्रों में 80 प्रतिशत रोजगार पर राज्य के युवाओं का हक हो, साथ ही सरकारी निर्माण के टेंडर प्रक्रिया में 80 प्रतिशत राज्य के निवासियों को वरीयता मिले। केंद्रीय महामंत्री रविन्द्र ममगांई ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द नई शिक्षा नीति लागू करे व शिक्षा के बाजारीकरण पर रोक लगाए। इस अवसर पर प्रमिला रावत,रविंद्र ममगाई, गजेंद्र नेगी, पूजा पिरसाली, दिनेश नेगी, नैना लखेड़ा,विनीत सकलानी, भोला चमोली, शैलेन्द्र गुनसोला, श्याम रमोला, अनूप बिष्ट, विरेश चौधरी, भोला दत्त चमोली, प्रीति थाप्लियाल, रीता छेत्री आदि उपस्थित थे।

# विधायक ने मंत्री को पिता तुल्य बताया



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**वन** मंत्री के आवास पर धरना, मंत्री पर जातिगत टिप्पणी का आरोप फिर शाम को मुख्यमंत्री और आज प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद विधायक-मंत्री प्रकरण में पुरोला विधायक के सुर बदल गए हैं। विधायक दुर्गेश्वर लाल आर्य ने वन मंत्री सुबोध उनियाल को पिता तुल्य बताते हुए अपने व्यवहार पर खेद जताया है और कहा कि यह पारिवारिक मामला है, इसका जल्द ही हल हो जाएगा। उत्तरकाशी जिले के दो डीएफओ को हटवाने की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और भाजपा के पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल के बीच तीखी बहस हो गई थी। बात यहां तक बढ़ गई कि जिस कागज पर वन मंत्री ने जांच के आदेश दिए थे। विधायक ने मंत्री के सामने ही वह कागज फाड़कर हवा में उछाल दिया। इसके बाद दुर्गेश्वर लाल मंत्री के आवास पर ही धरने पर बैठ गए। विधायक ने मंत्री पर जातिगत टिप्पणी का भी आरोप लगा दिया।

**सुर बदल गए**

**8 आज प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद विधायक-मंत्री प्रकरण में पुरोला विधायक के सुर बदल गए**

इस पूरे मामले ने पार्टी और सरकार को असहज कर दिया था। इसके बाद विधायक ने सीएम धामी से मुलाकात की और प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक को तलब किया था। विधायक दुर्गेश्वर लाल का धरना देना भाजपा प्रदेश नेतृत्व को नहीं सुहाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक और वन मंत्री को शालीनता से अपनी बात रखने की हिदायत दी। इसके बाद बुधवार को विधायक दुर्गेश्वर लाल के सुर बदले बदले नजर आए। विधायक ने कहा कि जिस तरह एक बच्चा अपने पिता के पास अपनी समस्या लेकर जाता है, वैसे ही मैं भी गया था, ये एक पारिवारिक मामला है।

## भारतवासियों का पांच सौ साल का इंतजार अब खत्म : अग्रवाल

**ऋषिकेश।** क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित किया। इस दौरान अक्षत कलश यात्रा का आशुतोष नगर में स्वागत किया गया। कलश के स्वागत के साथ जय श्री राम के नारे लगे। इस दौरान यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। बुधवार को आशुतोष नगर में आयोजित कलश यात्रा के दौरान डा. अग्रवाल ने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्षों एवं कई बलिदानों के बाद सत्य सनातन धर्म के प्रभु श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य दिव्य नव्य मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होंगे।

# दो चोर दबोचे, चोरी की पांच बाइकें बरामद

**शातिर काबू**

**8 आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन अन्य बाइकें भी बरामद की**

**हरिद्वार, 03 जनवरी (हि.स.)। रानीपुर** कोतवाली पुलिस ने दो शातिर दुपहिया वाहन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की पांच बाइकें बरामद की हैं। कोतवाली रानीपुर क्षेत्र के ग्राम दादूपुर गोविंदपुर तिरुपति एनक्लेव निवासी दिलशाद व तिरुपति एनक्लेव सलेमपुर निवासी अनिल कुमार ने अपनी बाइकें चोरी होने



के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आज शिवालिक नगर चौक से दो आरोपितों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की तीन अन्य बाइकें भी बरामद की। बरामद बाईकों को आरोपितों ने रानीपुर, सिडकुल व बहादराबाद क्षेत्रों से चोरी की थीं। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम दानिश उर्फ सोनू पुत्र ईनाम व आरिफ पुत्र तसलीम निवासीगण नूरी जामा मस्जिद के पास ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर रानीपुर हरिद्वार बताया।

# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

**गिरफ्तार**

**8 सिकरोढ़ा रोड के पास से एक आरोपित को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया**

**हरिद्वार, 03 जनवरी (हि.स.)।** पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी की दस बाइकें बरामद की है जबकि आरोपित का साथी फरार हैं। पुलिस ने उनकी तलाश में जुटी है। कोतवाली भगवानपुर के ग्राम किशनपुर जमालपुर निवासी



नीरज कुमार ने ई एफाईआर के माध्यम से बाइक चोरी होने संबंध में थाना भगवानपुर में 1 जनवरी को तहरीर दी थी। वाहन चोरी पर रोक लगाने के लिए थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम ने घटना स्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करते हुए फुटेजों को संकलित कर डाटा का विश्लेषण किया, जिसमें पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले। पुलिस ने वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए चलाए चेकिंग अभियान के दौरान सिकरोढ़ा रोड के पास से एक आरोपित को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ी गई बाइक को आरोपित ने 30 दिसम्बर को किशनपुर जमालपुर से अपने साथी रिजवान के साथ चोरी किया था। पूछताछ में आरोपित ने अपने साथी के साथ मिलकर अन्य थाना क्षेत्रों से भी दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं की बात कबूली। बताया वह वाहनों को चोरी करने के बाद राहगीरों को औने पौने दामों में बेच देते थे। आरोपित की निशांदेही पर पुलिस ने चोरी की अन्य 09 बाइकें भी बरामद कीं। आरोपित का नाम साहनवीर पुत्र अल्लाउदीन निवासी ग्राम निवादा रोलाहेड़ी थाना कलियर बताया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। पुलिस आरोपित के साथी की तलाश में जुटी है।

# प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर, रैपिडो ने देहरादून में मनाया अपने कैप्टन्स की सफलता की कहानियों का जश्न

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाते हुए देहरादून में पहली रिवॉर्ड्स एण्ड रिकॉग्निशन (आर एण्ड आर) सेरेमनी के साथ प्लेटफॉर्म के असली हीरोज पर रोशनी डाली। इस एक्सक्लुजिव कार्यक्रम के माध्यम से रैपिडो कैप्टन्स के उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पण के लिए उन्हें सम्मानित किया गया, जो कंपनी के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उत्तराखण्ड संस्कृत साहितय एवं कला परिषद की उपाध्यक्ष मिस मधु भट्ट की उपस्थिति में कैप्टन्स की उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 200 से अधिक कैप्टन्स ने हिस्सा लिया जिन्होंने रैपिडो की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



आयोजन के दौरान कैप्टन्स ने मंच पर दीप-प्रज्जवलन में हिस्सा लिया, इसके बाद उनकी उत्कृष्ट कहानियों को साझा किया गया। रैपिडो के कैप्टन्स को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए, उन्हें रोमांचक गेम्स में हिस्सा लेने का अवसर मिला। पुरस्कार के साथ-साथ उन्हें उपहार एवं पेट्रोल वाउचर भी दिए गए। इस तरह न सिर्फ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, बल्कि रैपिडो की सफलता में कैप्टन्स के योगदान की सराहना भी की गई। इस अवसर पर रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुंटुपल्ली ने कहा कि उपभोक्ताओं को संतोषजनक सेवाएं प्रदान

**सराहनीय**

**8 गुंटुपल्ली ने कहा कि उपभोक्ताओं को संतोषजनक सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे कैप्टन्स का समर्पण सही मायनों में सराहनीय है**

करने के लिए हमारे कैप्टन्स का समर्पण सही मायनों में सराहनीय है। ऐसे में उनकी सुरक्षा, कल्याण और पेशेवर विकास को सुनिश्चित करना न सिर्फ हमारा कर्तव्य बल्कि पहली प्राथमिकता भी है। मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है कि आर्थिक मुश्किलों के दौरान हम कई कैप्टन्स के साथ खड़े रहे हैं, हमने उन्हें आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध कराया है। हमारे ये प्रयास कैप्टन्स एवं यात्रियों को परिवहन का सुरक्षित एवं भरोसेमंद अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

देहरादून के रिवॉर्ड्स एण्ड रिकॉग्निशन आयोजन ने न सिर्फ कैप्टन्स की उपलब्धियों का जश्न मनाया, बल्कि उन्हें नेटवर्किंग एवं विकास के अवसर भी प्रदान किए, जो रैपिडो की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान देते रहे हैं। आने वाले समय में भी हमने कैप्टन्स को ध्यान में रखते हुए कई गतिविधियों की योजना बनाई है, जो उन्हें सशक्त बनाने और उनके समग्र अनुभव को बेहतर बनाने में कारगर होंगी।

रैपिडो यात्रा उद्योग में बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और देहरादून का यह पहला आयोजन कैप्टन्स की अभिन्न भूमिका के लिए उन्हें सम्मानित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### चोर को पुलिस ने रंगेहाथों किया गिरफ्तार



**हरिद्वार, 03 जनवरी (हि.स.)।** कोतवाली रानीपुर क्षेत्रान्तर्गत बीएचईएल सेक्टर-5 बी के एक मकान से चोरी करते हुए पुलिस ने एक आरोपित को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। बीती देर रात्रि बीएचईएल सेक्टर-5 बी क्वाटर नं. 249 में घर का ताला तोड़कर चोरी करने की पुलिस को सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके से आरोपित को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी किए 13 लोहे के पाइप की बरामद किए। आरोपित का नाम दिपांशु चौहान पुत्र हरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सेतवाल जिला बलिया उ.प्र. हाल निवासी म.नं. 498 विष्णुलोक कालोनी रानीपुर हरिद्वार बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### वाहन चालन में महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं : आरटीओ



**देहरादून।** आमतौर पर पुरुष वाहन चलना के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाते हैं, लेकिन अब पुरुषों की तुलना में महिलाओं द्वारा अधिक ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जा रहे हैं जिसका प्रमाण आरटीओ कार्यालय के प्रमाण पत्र है। राजधानी देहरादून के आरटीओ कार्यालय में बीते वर्ष 2023 में पहले के मुकाबले काफी ज्यादा महिलाओं द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के आवेदन किया गया है। इस संदर्भ में देहरादून के आरटीओ शैलेश तिवारी बुधवार को बताया कि आरटीओ कार्यालय द्वारा वर्ष 2023 में 8,500 ड्राइविंग लाइसेंस बने हैं, जिनमें से दो हजार से अधिक लाइसेंस महिलाओं के हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा महिलाओं को वाहन चलाने को लेकर निशुल्क ट्रेनिंग भी दी जा रही है और हमारा यह प्रयास है कि आगे चलकर महिलाएं टैक्सी भी चलाएं। उन्होने कहा कि महिलाओं का वाहन चालन की ओर रूचि बढ़ना इस बात का प्रमाण है कि अब मातृ शक्ति वाहन चालन क्षेत्र में भी पुरुषों से कम नहीं है।

### श्रीराम जन्मभूमि से पहुंचे अक्षत, शोभायात्रा निकाल कर घर-घर बांटे



**गोपेश्वर।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से मंदिर में पूजित अक्षत के देवाल पहुंचने पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अयोध्या से पहुंचे अक्षय और निमंत्रण पत्रों को घर-घर वितरण किया गया है। जय सीताराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया। बुधवार को अयोध्या राम मंदिर से पूजित अक्षत देवाल बाजार में पहुंचे। स्वागत में खड़े राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, सरस्वती विद्या मंदिर और भाजपा ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ शोभा यात्रा का स्वागत किया। मंदिर में पूजा अर्चना की गई। अयोध्या से आए अक्षत और 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर आने का निमंत्रण पत्र घर-घर दिए गए। विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र बिष्ट, भाजपा ब्लाक अध्यक्ष उमेश मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला प्रचारक गणेश मिश्रा ने बताया है कि विकास खंड के चारों मंडलों में पूजित अक्षतों और अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र 15 जनवरी तक घर-घर पहुंचा जा रहा है। शोभायात्रा में अक्षत विवरण खंड प्रमुख, सुरेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बिष्ट, पूर्व प्रमुख नंदा देवी, पुष्कर बिष्ट, प्रधान संघ अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, लीला राम, कार्यक्रम संयोजक सुरेश पयाल, सोवन खत्री, मीडिया प्रभारी विनय मिश्रा आदि शामिल थे।

# राममंदिरः '15 दिन बाद जेल से छूटा तो ऐसा था हाल, मां ने भी नहीं पहचाना'

### राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे नारों से मैदान से लेकर पहाड़ का हर शहर, कस्बा, नगर और गांव गूंज रहा था

**संघर्ष के दिन**

**8 मां के सामने से गुजरा तो वह मुझे पहचान नहीं पाई। मैं समझा जेल जाने की वजह से शायद वह मुझसे नाराज है**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे नारों से मैदान से लेकर पहाड़ का हर शहर, कस्बा, नगर और गांव गूंज रहा था। विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता होने के नाते मुझ पर युवाओं को राम मंदिर की कारसेवा से जोड़ने की जिम्मेदारी थी। ऋषिकेश में आंदोलन के दौरान मैं गिरफ्तार हुआ और 15 दिन बाद जब जेल से छूटा तो मेरी दाढ़ी बढ़ गई थी। सूरत पहचानी नहीं जा रही थी। मां के सामने से गुजरा तो वह मुझे पहचान नहीं पाई। मैं समझा जेल जाने की वजह से शायद वह मुझसे नाराज है। लेकिन बाद में मां ने कहा कि वह मुझे मेरी बढ़ी हुई दाढ़ी की वजह से पहचान नहीं पाई थी। वह दिन भुलाए नहीं भूलता। वर्ष 1994 से पहले का समय था। कार सेवक अयोध्या जाने को बेताब थे। बच्चा, जवान, बूढ़ा, हर किसी की जुबान पर एक ही नारा था, राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। मैं विद्यार्थी परिषद का संगठन महामंत्री था। मेरे पास ऋषिकेश का दायित्व था।

**पौड़ी की कांसखेत जेल में ले जाया गया :** ऋषिकेश में आंदोलन के दौरान सबसे पहली गिरफ्तारी मेरी और आरएसएस के तत्कालीन नगर कार्यवाह लाखी राम सेमवाल की हुई। हमें एक रात ऋषिकेश थाने के लॉक अप में बंद रखा गया। सुबह कैदी वाला एक वाहन वहां पहुंचा। उसमें वरिष्ठ भाजपा नेता हरबंस कपूर अपने समर्थकों के साथ मौजूद थे।
हमें पौड़ी की कांसखेत जेल में ले जाया गया। वहां हम 15 दिन कैद रहे। चमोली, टिहरी व अन्य स्थानों के कार सेवक भी वहीं लाए गए थे। 15 दिन बाद जब छूटकर घर लौटे तो आंदोलन अपने चरम पर पहुंच चुका था। आखिर रामभक्तों का संघर्ष कामयाब रहा। करोड़ों रामभक्तों की अथक मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या में भव्य और दिव्य भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। 22 जनवरी को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।

# व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल संघर्ष के लिए तैयार



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल संघर्ष समिति की ऋषिकेश में धार्मिक संस्थाओं और ट्रस्टों के व्यापारियों के उत्पीड़न के विरोध में गठित 21 सदस्यों ने एक जुटता के साथ संघर्ष के जाने का निर्णय लिया है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल संघर्ष समिति की व्यापार सभा में आयोजित समिति के जिला अध्यक्ष नरेश अग्रवाल की अध्यक्षता और महामंत्री दीपक तायल के संचालन में बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से व्यापारियों के हितों के खिलाफ हो रही किसी भी प्रकार के कार्य के विरोध में एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। सभी संस्थाओं और ट्रस्टों से व्यापारियों के साथ सहानुभूति पूर्ण कार्य करने के लिए सर्वप्रथम पत्राचार कर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा ,परंतु यदि इसके बावजूद कोई सहानुभूति पूर्ण हल नहीं निकलता है तो एकजुट होकर हर तरह के संघर्ष एवं आंदोलन का भी निर्णय लिया गया। समिति के द्वारा नगर की व्यापारियों को विश्वासपूर्ण माहौल बनाने का वायदा किया ताकि कुछ दिन पूर्व हुए एक व्यापारी के साथ दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति ना हो सके।
बैठक में समिति के राजकुमार अग्रवाल , ललित मोहन मिश्रा, प्रतीक कालिया, राकेश अग्रवाल, संदीप गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, अंशुल अरोड़ा, भारत भूषण कुंदनानी, पवन शर्मा , पंकज शर्मा, विवेक गोस्वामी और विवेक चावला की उपस्थिति रही।

# नैनीतालः दो विधानसभाओं से चुनाव लड़ने वाला बसपा नेता जिला बदर

**जिला बदर**

**8 विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले सुंदर लाल को नैनीताल पुलिस ने 6 माह के लिये जिला बदर कर दिया**




**टीम एक्शन इंडिया/नैनीताल**
बसपा यानी बहुजन समाज पार्टी से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले सुंदर लाल आर्य को नैनीताल पुलिस ने 6 माह के लिये जिला बदर कर दिया है।
बताया गया है कि उसके खिलाफ उसके गांव के लोगों की जमीनों की धोखाधड़ी से संबंधित कई शिकायतें थीं। उसे गुंडा एक्ट के तहत भी निरुद्ध किया गया था। नैनीताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार तल्लीताल के थानाध्यक्ष रमेश बोरा के नेतृत्व में ज्योलीकोट के चौकी प्रभारी अविनाश मौर्य ने जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल द्वारा उत्तर प्रदेश गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1970 की धारा-3 के तहत पारित आदेश के अनुपालन में सुंदर लाल पुत्र दानी राम निवासी सूयार्जाला पोस्ट दोगड़ा, थाना तल्लीताल जनपद नैनीताल को कड़ी हिदायत देकर जनपद नैनीताल की सीमा से बाहर कर 6 माह हेतु जिला बदर की कार्रवाई की।
बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध थाना तल्लीताल और काठगोदाम में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस कार्रवाई में आरक्षी दिनेश कार्की व बब्बू मियां भी शामिल रहे।

## सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई

**हल्द्वानीः** भारत की प्रथम महिला विद्यालय संस्थापिका सावित्री बाई फूले की जयंती के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के उपाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य के बागजाला गौलापार स्थित कार्यालय में सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। प्रदेश उपाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य ने सावित्री बाई फुले की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की महानायिका हैं, जब 173 साल पहले महिलाओं को स्कूल भेजने को पाप माना जाता था उस दौर में सावित्रीबाई फुले जी ने अपने पति ज्योतिराव गोविंदराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं के हित की लड़ाई लड़ी और सन 1852 में महिलाएं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की। भारतीय समाज में व्याप्त छुआ-छुत, सती प्रथा ,बाल विवाह, विधवा विवाह निषेध जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आजीवन लड़ाई ली।

# प्रशासनिक अकादमी में सेवा देंगी डॉ. मंजू पांडे

**सम्मान**

**8 चयन होने के बाद आरएस टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल में सेवाएं देनी शुरू कर दीं हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ साहित्यकार और शिक्षिका डॉ. मंजू पांडे उदिता ने विशेष संदर्भदाता के रूप में चयन होने के बाद आरएस टोलिया प्रशासन अकादमी नैनीताल में सेवाएं देनी शुरू कर दीं हैं। अकादमी में प्रशिक्षण के माध्यम से वह अपने ज्ञान और अनुभवों का लाभ प्रशिक्षणार्थियों तक पहुंचा रही हैं। वह प्रशिक्षणार्थियों को उत्कृष्ट कार्य करने की दिशा में भी प्रेरित कर रही हैं। साहित्य के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त करने वाली डॉ. मंजू पांडे को इस साल उत्तराखंड सरकार की तरफ से महिलाओं के प्रतिष्ठित सम्मान तीलू रौतेली पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। शिक्षिका के तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान देने के लिए उन्हें 2011 में प्रतिष्ठित शैलेश मटियानी पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है। डॉ मंजू ने परिश्रम और लगन से ये उपलब्धियां हासिल की। इससे पहले वह उन्होंने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन में भी रिसोर्स पर्सन के रूप में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अब तक 6 पुस्तकें लिखने के अलावा डॉ. मंजू पांडे उदिता 24 पुस्तकों के लेखन में भी अपना योगदान दे चुकी हैं। इन पुस्तकों में प्राथमिक पाठ्यक्रम से लेकर यूनिवर्सिटी स्तर तक की पुस्तकें तथा प्रधानमंत्री की स्वच्छता अभियान से संबंधित राष्ट्रीय महत्व की पुस्तकें शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बर्थडे पार्टी में छात्रा के गाल पर केक मलने पर विवाद, 3 छात्रों के सिर फूटे

**नैनीतालः** नगर के राजकीय पॉलीटेक्निक में एक छात्रा का जन्मदिन मनाने के दौरान छात्रा के चेहरे पर केक लगाने को लेकर मंगलवार को छात्रों के दो गुटों में विवाद हो गया। इस दौरान हुई मारपीट में तीन छात्रों के सिर फूट गए।
राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल में बीती रात्रि एक छात्रा का जन्मदिन मनाया जा रहा था। इस दौरान एक छात्र ने छात्रा के गाल पर केक मल दिया। इस पर दूसरे छात्र ने आपत्ति जताई तो दोनों छात्रों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों छात्रों के दो गुट बन गए और आपस में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान तीन युवकों के सिर में गंभीर चोट लग गई। चोटिल युवकों को उनके साथी को बीडी पांडे जिला चिकित्सालय लेकर आये। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने तीनों छात्रों को छुट्टी दे दी। इसके बाद चोटिल छात्र अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच गए। कोतवाली में पुलिस ने दोनों गुटों के तीन छात्रों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर आगे से ऐसी हरकतें न करने की चेतावनी दी। इधर राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य एएस बिष्ट ने बताया कि मारपीट में शामिल छात्रों व उनके परिजनों को साफ चेतावनी दी गई है कि भविष्य में मारपीट करने पर उन्हें कॉलेज से निष्कासित कर दिया जाएगा।

### महाराष्ट्र के कारोबारियों ने आढ़ती को लगाया लाखों का चूना

**हल्द्वानीः** महाराष्ट्र के दो कारोबारियों ने हल्द्वानी मंडी के एक आढ़ती को टमाटर खरीद के नाम पर 27 लाख रुपये का चूना लगा दिया। अब न तो आरोपित टमाटर भेज रहा है और न ही पैसा लौटा रहा है। पीड़ित ने आरोपित के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को दी तहरीर में तरुण तेजवानी दुकान नम्बर बी-49, नवीन सब्जी मण्डी बरेली रोड का कहा है कि वह सब्जी व फल का थोक कारोबारी है। उसने वर्ष 2019 में महाराष्ट्र के राजलक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी एवं आदित्य ट्रेडिंग कंपनी सो टमाटर मंगाने के लिए आर्डर किया था। इसके एवज में उन्होंने 27 लाख 30 हजार रुपये एडवांस दे दिए थे। तब से दोनों फर्मों द्वारा ना ही उसे टमाटर दिया गया ना ही मेरे पैसे वापस भेजे। फर्मों के मालिकों ने व्यवसाय के नाम पर अपनी फर्म का फर्जी बिल दिखाकर धोखाधड़ी की गई है। अब आरोपित पैसे मांगने पर जान से मारने और अपहरण करने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि उसके ऊपर बैंक का काफी कर्ज है, इससे वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा है। चेताया कि अगर मुझे मेरे पैसे वापस नही मिले तो मुझे आत्महत्या करने के अलावा कोई और रास्ता नही बचेगा। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### विनीता महानगर अध्यक्ष, सिद्धि महामंत्री बने

**हल्द्वानीः** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की हल्द्वानी महानगर महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की संस्तुति पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने विनीता शर्मा को महानगर अध्यक्ष, सिद्धि भट्ट सुयाल को महामंत्री मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल, कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, चंद्र शेखर पंत, राजेश अग्रवाल, रूपेंद्र नागर, हितेंद्र भसीन, नवनीत राणा, दिगंबर वर्मा, सौरभ भट्ट, मधुकर बनोला, पवन वर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

# कालू सिद्ध मंदिर शिफ्ट होगा, सरकारी अस्पताल भी टूटेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**
**शहर** में अतिक्रमण के खिलाफ सरकारी अभियान जारी है। इस बार अफसरों का दावा है कि अतिक्रमण के दायरे में आ रही सभी सरकारी, सार्वजनिक संपत्तियों के साथ धार्मिक स्थल भी हटाए जाएंगे। इस लिहाज रोडवेज बस स्टेशन से मंगलपड़ाव के बीच आ रहे कालू सिद्ध मंदिर समेत बेस अस्पताल, महिला अस्पताल का कुछ हिस्सा हटाया जाना भी लगभग तय माना जा रहा है। ये सभी अतिक्रमण के दायरे में हैं। सड़क दोनों तरफ करीब 12-12 मीटर तक चैड़ी होनी है। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या नासूर बन गई है। सप्ताह के अंत में यानी शनिवार और रविवार को हालत और खराब हो जाती है। जाम की मुख्य वजह सड़कों पर वाहनों का दबाव तो है ही, साथ ही मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर अतिक्रमण भी इसका बड़ा कारण हैं। इसी को देखते हुए डीएम के निर्देश के बाद लोनिवि ने शहर के मुख्य मार्गों के तिराहों और चैराहों के चैड़ीकरण व जंक्शन के सुधार कार्य का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था। करीब 14.23 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रस्ताव को मंजूरी मिली। दिसंबर दूसरे सप्ताह में लोनिवि ने निर्माण कार्यों के टेंडर आमंत्रित किए। उन्होंने कहा था कि जनवरी में चौड़ीकरण, सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया जाएगा। इसी के तहत बीते दिनों प्रशासन, नगर निगम, लोनिवि और पुलिस की संयुक्त टीम ने रोडवेज बस स्टेशन के सामने से बरेली रोड पर मंगलपड़ाव तक अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया था। अस्थायी निर्माण मौके पर ही ध्वस्त किए गए। दूसरे चरण के तहत इन दिनों नगर निगम और लोनिवि की ओर से सड़क के दोनों तरफ 12-12 मीटर के दायरे में अतिक्रमण चिह्नित किए जा रहे हैं।

# 'व्यापार नीति आयोग का गठन करे राज्य सरकार'

**मांग**

**8 आकस्मिक स्थितियों में व्यापारियों को मुआवजा मिलने का विशेष प्रावधान आयोग गठन में शामिल हो**



**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने साथियों सहित हरिद्वार विधायक मदन कौशिक से मिलकर उन्हें उत्तराखंड में व्यापारियों के हित में व्यापार नीति आयोग के गठन की मांग को लेकर राज्य सरकार संबंधित ज्ञापन सौंपा। सुनील सेठी ने 11 सूत्री ज्ञापन में मांग रखते हुए कहा कि व्यापारियों का निःशुल्क बीमा आकस्मिक स्थितियों में व्यापारियों को मुआवजा मिलने का विशेष प्रावधान आयोग गठन में शामिल हो। राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि वह हर प्रकार के टैक्स देने वाले एक मात्र व्यापारियों के लिए व्यापार नीति आयोग का गठन करे। व्यापारी सरकार की आर्थिक व्यवस्था की सबसे बड़ी रीड हैं, जो सरकार बनाने से लेकर भविष्य की योजनाओं को पूरा करने का टैक्स अदायगी के द्वारा बना एक माध्यम है। उन्होंने कहाकि कई वर्षो से व्यापारियों द्वारा ये मांग उठती आ रही है, जिस पर महानगर व्यापार मंडल प्रयासरत है कि व्यापारियों को इसका लाभ मिलना चाहिए। जब व्यापारी सेल टैक्स, जीएसटी, आय टैक्स अदा करता है तो उसे भी सरकार द्वारा कुछ राहत देते हुए आकस्मिक परिस्तिथियों में मुआवजे के नाम पर बीमा राशि मिलनी चाहिए। आकस्मिक समय पर सरकार द्वारा किसी भी योजना की जद में आने वाले व्यापारी की स्थाई तत्काल मदद का प्रावधान आयोग में होना चाहिए। उसके परिवार के लिए स्थाई रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए समुचित आर्थिक मदद का प्रावधान होना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में समाजसेवी राजकुमार अरोड़ा, पंकज माटा, प्रीत कमल, एसएन तिवारी, रमेश सिंह, पवन पांडे, भूदेव शर्मा, सोनू चौधरी, उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, नंद किशोर पांडे, अनिल कुमार, गौरव गौतम उपस्थित रहे।

# मां के साथ अवैध संबंध का विरोध और सम्पत्ति के लालच में की थी युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
नववर्ष की रात्रि को युवक की हत्या का कनखल पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। मृतक की मां के साथ आरोपित के अवैध संबंध और सम्पत्ति का लालच युवक की मौत की वजह बना। नववर्ष की रात्रि को कनखल थाना क्षेत्र स्थित वाल्मीकि बस्ती निवासी श्रीमती संयोगिता पत्नी स्व. जितेन्द्र ने अपने बेटे यश उर्फ कृष 17 वर्ष की हत्या के सम्बन्ध में पुलिस तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल के निर्देश पर खुलासे के लिए टीमें गठित की थीं। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि हत्या की जांच के दौरान टीम को जानकारी मिली कि 31 दिसंबर को मृतक यश उर्फ कृष उर्फ सिटी नए साल की खरीदारी करने अपनी मां संयोगिता के कहने पर अमित कटारिया उर्फ खली के साथ शाम 5 बजे के आसपास कनखल के लिए निकला था। देर रात तक कृष तो घर वापस न लौटा, लेकिन देर रात करीब 1 बजे अमित कटारिया मृतक की मां संयोगिता के मिस्सरपुर वाले घर पर आया। एसएसपी ने बताया कि मृतक की मां ने जब अपने बेटे के घर न आने और जूतों पर लगे लाल धब्बों के बारे में पूछा तो अमित कटारिया ने चतुराई दिखाते हुए जूते में पान की पीक लगने की बात बताई। साथ ही बताया कि कृष शायद अपने दोस्तों के साथ चिलम फूंकने गया है।
अगली सुबह अपना नाटकीय अभिनय दिखाते हुए अमित कटारिया ने मृतक के शव को अपने एक परिचित छोटू को साथ लेकर ढूंढने का नाटक किया। बैरागी कैंप में युवक का शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने



पुलिस को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव को देखकर पता चल रहा था कि कृष की नृशंस तरीके से हत्या की गई। शव के सिर पर चोटें लगी हुई थीं और गले पर गला घोंटने का निशान भी था। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने घटना के तमाम पहलुओं को देखते हुए हर क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर संभावित आरोपित अमित कटारिया को जगजीतपुर क्षेत्र से उस वक्त दबोचने में कामयाबी हासिल की, जब वह मृतक के फोन और घटना के दिन पहनी गई खून से सनी टी शर्ट को लेने के लिए जा रहा था। आरोपित ने पूछताछ में चौंकाने वाले तथ्य बताया। एसएसपी के मुताबिक आरोपित ने बताया कि संयोगिता हत्यारोपित अमित कटारिया की रिश्ते में चाची लगती है, जो अपने पति के मरने के बाद कनखल स्थित मकान में अपने बच्चों के साथ रहती थी। मृतक कृष इन्हीं का इकलौता बेटा था। करीब 5-6 वर्ष से आरोपित अपनी चाची के संपर्क में था। धीरे-धीरे संबंधों में प्रगाढ़ता लाते हुए दोनों के बीच अवैध संबंध बन गए थे। संपत्ति के लालच और अवैध संबंधों में बाधा बनने के चलते अमित योजनाबद्ध तरीके से कृष को 31 दिसंबर की रात्रि अपने साथ ले गया और सबसे पहले अपने परिचित राहुल और विशाल के साथ मिस्सरपुर के आसपास चारों लोगों ने शराब पी। शाम 7 बजे के आसपास अमित ने उन दोनों लड़कों को घर भेज दिया और यश को ज्वालापुर खरीदारी के लिए ले गया। इसके बाद यश को बैरागी के पास ले जाकर फिर शराब पिलाई और जब कृष नशे में हो गया तो पहले रस्सी से गला दबाया और फिर सिर पर पत्थरों से वार कर हत्या कर दी।

# ट्यूशन में हुआ था झगड़ा, आरोपित हुआ गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
ट्यूशन के दौरान हुए झगड़े में दूसरे पक्ष के बच्चों को डराने के लिए दुकान में फायर करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से तमंचा भी बरामद कर लिया है।
जनपद के थाना झबरेड़ा स्थित इकबालपुर में दुकान पर 25 अक्टूबर को दुकान में बाइक सवार लोगों ने फायर किया था। फायर किए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। इस संबंध में दुकान स्वामी धर्मपुर झबरेड़ा निवासी सतवीर पुत्र स्व. रामपाल भाठी ने उनकी इकबालपुर स्थित दुकान में फायर करने के संबंध में तहरीर देकर एम नामजद व अन्य अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।



पुलिस जांच में फायर का कारण नाबालिग युवकों का ट्यूशन के दौरान विवाद होने के चलते नाबालिक के मित्र अदनान ने अपने अन्य साथी सुहैल व अन्य 03 नाबालिग युवकों के साथ मिलकर फायर करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित अदनान पुत्र अलीखान निवासी ग्राम बालेकी युसुफपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को घटना के प्रयुक्त तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## अर्शिन कुलकर्णी का हरफनमौला प्रदर्शन, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** अंडर 19 ट्राईनेशन सीरीज के तहत भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जोहानिसबर्ग के मैदान पर खेले गए मुकाबले में 7 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम को जीत दिलाने में अर्शिन कुलकर्णी का हरफनमौला प्रदर्शन बड़ा कारण रहा। दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए लुआन-ड्रे प्रीटोरियस ने 67 और स्टीव स्टोल्क ने 46 रन बनाकर स्कोर 240 तक पहुंचाया था। जवाब में टीम इंडिया ने आदर्श सिंह के 66, अर्शिन कुलकर्णी ने 91 तो अविनाश ने 60 रन बनाकर 41वें ओवर में ही मुकाबला जीत लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले खेलते हुए ठोस शुरूआत की थी। लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और स्टीव स्टोल्क ने पहले विकेट के लिए 9.1 ओवर में ही 93 रन बनाए थे। स्टीव ने 27 गेंदों पर 46 रनों का योगदान दिया। उनका विकेट गिरते ही भारतीय गेंदबाजों ने वापसी कर ली।खास तौर पर आराध्य शुक्ला और सौमी पांडे ने शानदार रहे। उन्होंने क्रमश- 4 और 3 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए मध्यक्रम में रिचर्ड ने 19, डिवान ने 18 तो ओलिवर ने 19 रनों का योगदान दिया। अंत में मोकोइना ने 36 गेंदों पर 28 रन बनाकर स्कोर 240 तक पहुंचा दिया। भारत के लिए सौमी और आराध्य शुक्ला के अलावा अर्शिन कुलकर्णी ने शानदार गेंदबाजी की। कुलकर्णी ने 8 ओवर में 53 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने भी तेजतर्रार शुरूआत की।

## संजय सिंह के बिना WFI हमें स्वीकार्य : साक्षी मलिक

**नई दिल्ली ।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं है अगर बृजभूषण शरण सिंह के विश्वस्त संजय सिंह को इससे अलग रखा जाता है। साक्षी ने 21 दिसंबर को संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ने दावा किया कि उनकी मां को डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के समर्थक धमकीभरे फोन कर रहे हैं। मलिक ने पत्रकारों से कहा, 'हमें नये महासंघ से कोई परेशानी नहीं है। सिर्फ एक व्यक्ति संजय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय सिंह के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।' उन्होंने कहा, 'सरकार हमारे लिए अभिभावक की तरह है और मैं उनसे अनुरोध करूंगी कि आने वाले पहलवानों के लिए कुश्ती को सुरक्षित बनाएं। आपने देखा है कि संजय सिंह का बर्ताव कैसा है। मैं नहीं चाहती कि महासंघ में उसका दखल हो।' उन्होंने कहा, 'मैं अनुरोध ही कर सकती हूं। अगर मंत्रालय कहता है कि वह वापस नहीं आयेगा तो अच्छा है। सभी ने देखा कि डब्ल्यूएफआई चुनाव के बाद बृजभूषण सिंह ने कैसे सत्ता का दुरूपयोग किया। बिना किसी से पूछे अपने शहर में जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप कराने का ऐलान कर दिया।' साक्षी ने तदर्थ समिति से तुरंत जूनियर वर्ग के टूर्नामेंट कराने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'मैं नहीं चाहती कि हमारी वजह से जूनियर पहलवानों का नुकसान हो। तदर्थ समिति सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की घोषणा कर चुकी है और अब मैं अनुरोध करूंगी कि अंडर 15, अंडर 17 और अंडर 20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का भी ऐलान किया जाए।'

## 'मंदिर वहीं बनने वाला...' X पर फैंस के सवाल पर वेंकटेश प्रसाद ने यूं दिया जवाब

**मेलबर्न।** टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सोशल मीडिया पर क्रिकेट फैंस से बातचीत में कुछ महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। उन्होंने भारत के तीन बैस्ट फील्डरों के नाम बताने के अलावा 2024 में क्या सबसे अच्छा होना चाहिए पर भी अपनी राय दी। प्रसाद से एक फैंस ने 2024 में उनकी दूरदर्शिता पर एक सवाल पूछा था। जवाब देने में पूर्व तेज गेंदबाज ने खूब दिलचस्प दिखाई। उन्होंने लिखा- मंदिर वहीं बनने वाला है। (मंदिर वहां बनने जा रहा है)। उन्होंने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में चल रहे राम मंदिर के निर्माण और 22 जनवरी को होने वाले आगामी अभिषेक समारोह की ओर इशारा करते हुए जवाब दिया। इसी तरह जब एक फैंस ने उनसे भारत के तीन सबसे बैस्ट फील्डर कौन है, का सवाल पूछा तो उन्होंने जवाब में मोहम्मद अजहरुद्दीन, सुरेश रैना और जडेजा का नाम लिया। हालांकि यह स्पष्ट नहीं था कि वह किस जडेजा का जिक्र कर रहे थे क्योंकि अजय जडेजा और रवींद्र जडेजा दोनों ही भारत के महान फील्डर रहे हैं। क्रिकेट संबंधी अपने ज्ञान के लिए मशहूर प्रसाद ने 2023 में भारतीय टीम के प्रदर्शन पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने साल की कड़वाहट को स्वीकार करते हुए कहा कि घरेलू धरती पर आयोजित विश्व कप में भारत ने दबदबा बनाया था। लेकिन सराहनीय प्रयास के बावजूद टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भी उन्हें ऑस्ट्रेलिया से हार झेलनी पड़ी।

## पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज से वापसी करेंगे कीवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी पाकिस्तान के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 सीरीज से बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे, दो महीने पहले वह हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत में हुए एकदिनी विश्व कप के बीच से बाहर हो गए थे। हेनरी इस शुक्रवार (5 जनवरी) को सुपर स्मैश टूर्नामेंट में कैंटरबरी किंग्स के लिए खेलेंगे और इसके जरिये वह अपने शरीर का परीक्षण करेंगे। 13 सदस्यीय टीम में कप्तान के रूप में केन विलियमसन की भी वापसी हो रही है। अनुभवी बल्लेबाज को मूल रूप से बांग्लादेश के खिलाफ टी20ई खेलना था, जो उस प्रारूप में उनकी वापसी का प्रतीक था जो उन्होंने आखिरी बार नवंबर 2022 में खेला था। हालांकि, बाद में उन्हें अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से एहतियाती आधार पर उस श्रृंखला से हटा दिया गया था। एक निश्चित व्यवस्था के अनुसार, वह तीसरे टी20ई (डुनेडिन में) से बाहर बैठेंगे जहां मिशेल सेंटनर



कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

टीम में सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे की भी वापसी हो रही है, जिन्हें बांग्लादेश श्रृंखला के लिए आराम दिया गया था, जबकि लॉकी फर्ग्युसन चोट के कारण बाहर होने के बाद श्रृंखला के अंतिम तीन मैचों के लिए वापसी करेंगे। इसलिए, 25 वर्षीय तेज गेंदबाज बेन सियर्स पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध होंगे।

काइल जैमीसन बाहर रहेंगे, वह फिलहाल हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं जबकि माइकल ब्रेसवेल अभी भी दर्द की चोट से उबर रहे हैं। ट्रेंट बोल्ट और जेम्स नीशम भी टीम से बाहर हैं।

मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा, टी20 विश्व कप से पहले केवल तीन टी20 सीरीज बची हैं, सभी मैच हमारी तैयारी के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। मैट, डेवोन, लॉकी और केन का वापस स्वागत करना बहुत अच्छा है। वे अपने आप में चार गुणवत्ता वाले खिलाड़ी हैं और उनका कौशल और अनुभव हमारी टीम को मजबूत करेगा। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 12 जनवरी को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

**न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है:** केन विलियमसन (कप्तान) [ पहले, दूसरे, चौथे और पांचवें मैच के लिए], फिन एलन, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन [केवल तीसरे मैच के लिए], डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), लॉकी फर्ग्युसन [तीसरे, चौथे और पांचवें मैच के लिए], मैट हेनरी, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, मिशेल सैंटनर, बेन सियर्स [पहले और दूसरे मैच के लिए], टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), ईश सोढ़ी, टिम साउदी।

## पुनेरी पलटन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ होम लेग को समाप्त करना चाहेगी यूपी योद्धाज़

**नोएडा।** जीएमआर ग्रुप की फ्रेंचाइजी यूपी योद्धा का लक्ष्य बुधवार यहां नोएडा इंडोर स्टेडियम में प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के 55वें मैच में टेबल टॉपर्स पुनेरी पलटन के खिलाफ अपने होम लेग को शानदार तरीके से खत्म करना होगा। अपने घरेलू दर्शकों के सामने योद्धाज़ का यह चौथा और अंतिम मैच होगा। अपने पिछले गेम में, योद्धाज़ पटना पाइरेट्स के खिलाफ 41-48 से हार गए थे और वर्तमान में 21 अंकों के साथ तालिका में दसवें स्थान पर हैं। यूपी ने आजतक पीकेएल के सभी संस्करणों में दस बार पलटन का सामना किया है, जिसमें से छह मौकों पर वह शीर्ष पर उभरे हैं। पिछले सीज़न के इनके आखिरी मुकाबले में, यूपी पलटन के खिलाफ 31-40 से हार गए थे। मैच से पहले यूपी के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, 'हम करीबी मुकाबलों में जीत से चूक गए हैं। लड़के अच्छा खेल रहे हैं लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नहीं आ रहे हैं। हमारे प्रशंसकों ने हमारे सभी मैचों में जबरदस्त समर्थन दिखाया है और हम कल अपने घरेलू दर्शकों के सामने जोरदार प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेंगे।' यूपी के लिए सुरेंदर गिल और कप्तान प्रदीप नरवाल की रेडिंग जोड़ी अब तक टूर्नामेंट में उनके लिए मुख्य आकर्षण रही है। क्रमशः 86 और 81 कुल अंकों के साथ, दोनों योद्धाज़ के रेडर सर्वाधिक रेड अंक और सबसे ज्यादा सफल रेड की सूची में शीर्ष 5 में शामिल हैं। डिफेंस में, सुमित, नितेश कुमार और गुरदीप की तिकड़ी ने विपक्षी रेडरों को प्रतिबंधित किया और क्रमशः 31, 26 और 25 टैकल अंक जुटाए।पुनेरी के आक्रमण का नेतृत्व उनके स्टार रेडर मोहित गोयत करेंगे जो अब तक 77 अंकों के साथ अपने टीम के लिए चार्ट में सबसे आगे हैं।

## सिडनी टेस्ट: पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए, रिजवान, जमाल शतक से चूके

**सिडनी।** विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (88), पुछल्ले बल्लेबाज आमेर जमाल (82) और आगा सलमान (53) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत पाकिस्तान ने यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में बिना किसी नुकसान के 6 रन बना लिये हैं। अपना आखिरी टेस्ट मैच खेल रहे डेविड वॉर्नर 6 रन और उस्मान ख्वाजा बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं।

मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और केवल 96 रनों के कुल स्कोर पर अब्दुल्ला शफीक (00), सईम अयूब (00), बाबर आजम (26), सऊद शकील (05) और कप्तान शान मसूद (35) पवेलियन लौट गए। यहां से मोहम्मद रिजवान और आगा सलमान ने पारी को संभाला और छठे विकेट के लिए 94 रन जोड़े।



इस दौरान रिजवान ने तेज पारी खेली और अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि वह 12 रन से शतक से चूक गए। 190 रनों के कुल स्कोर पर उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। रिजवान ने 103 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की बदौलत 88 रन बनाए। इसके बाद 220 के कुल स्कोर पर साजिद खान 15 रन बनाकर पैट कमिंस की गेंद पर आउट हुए। 226 के कुल स्कोर पर आगा सलमान भी चलते बने, हालांकि उन्होंने 53 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। 229 रनों के स्कोर पर हसन अली बिना खाता खोले पैट कमिंस के पांचवे शिकार बने। इसके बाद मीर हमजा और आमेर जमाल ने आखिरी विकेट के लिए 86 रन जोड़े। इन 86 रनों में जमाल के 82 रन थे।

नाथन ल्योन ने जमाल को आउट कर पाकिस्तानी पारी का अंत किया। जमाल ने 82 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 97 गेंदों का सामना किया और 9 चौके व 4 बेहतरीन छक्के लगाए। मीर हमजा 7 रन बनाकर नाबाद रहे, इस दौरान उन्होंने 43 गेंदो का सामना किया और 1 चौका लगाया।

## प्रीमियर लीग- इंग्लैंड के पूर्व कप्तान रूनी को बर्मिंघम सिटी के कोच पद से किया गया बर्खास्त

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वेन रूनी को ईएफएल चैंपियनशिप टीम बर्मिंघम सिटी के कोच पद से महज 83 दिन के कार्यभार के बाद मंगलवार को बर्खास्त कर दिया गया। रूनी को सोमवार को लीड्स यूनाइटेड से 3-0 की हार के बाद उनकी पद से हटा दिया गया, जिसका मतलब है कि बर्मिंघम उन 15 खेलों में से नौ में हारा, जिनके प्रभारी वह थे, इस अवधि के दौरान उन्हें 24-टीम डिवीजन में छठे से 20 वें स्थान पर खिसकना पड़ा। रिपोर्टों के अनुसार, डर्बी काउंटी और डीसी यूनाइटेड के साथ रूनी के कार्यभार संभालने के बाद से बर्मिंघम ने चैंपियनशिप में किसी भी अन्य टीम की तुलना में कम अंक लिए हैं। बर्मिंघम के मुख्य कार्यकारी गैरी कूक ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'हम सेंट एंड्रयूज को सफलता दिलाने के लिए जो आवश्यक है उसे करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुर्भाग्य से, वेन का समय हमारे साथ योजना के अनुसार नहीं बीता और हमने एक अलग दिशा में आगे बढ़ने का फैसला किया है। इस बीच, 38 वर्षीय रूनी ने स्वीकार



किया कि उनका संक्षिप्त स्पैल सफल नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल एक परिणाम देने वाला व्यवसाय है और मैं मानता हूं कि वे उस स्तर पर नहीं है जैसा मैं चाहता था। हालांकि, समय सबसे कीमती वस्तु है जिसकी एक प्रबंधक को आवश्यकता होती है, और मुझे नहीं लगता कि 13 सप्ताह उन परिवर्तनों की निगरानी के लिए पर्याप्त थे जिनकी आवश्यकता थी। रूनी ने कहा, मैं अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने की योजना बना रहा हूं क्योंकि मैं प्रबंधक के रूप में अपनी यात्रा में अगले अवसर की तैयारी कर रहा हूं। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें बर्खास्तगी से उबरने में कुछ समय लगेगा। नॉटिंघम फॉरेस्ट के पूर्व कोच, स्टीव कूपर और पॉल हेकिंगबॉटम, जिन्हें हाल ही में शेफ़ील्ड यूनाइटेड ने बर्खास्त कर दिया था, रूनी की जगह लेने के लिए शुरुआती पसंदीदा हैं।

## महिला क्रिकेट: ऑस्ट्रेलिया का एकदिनी श्रृंखला में क्लीन स्वीप, तीसरे वनडे में भारत को 190 रनों से हराया

**दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय महिला टीम को 190 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने तीन एकदिनी मैचों की श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिले 339 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और टीम 148 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय टीम को पहला झटका 32 रन के योग पर लगा, जब ओपनर यास्तिका भाटिया 6 रन बनाकर आउट हो गई। फिर स्मृति मंधाना 29 रन के निजी योग पर पवेलियन लौटी। इसके बाद, जेमिमा रॉड्रिग्स ने 25 रन, दीप्ति शर्मा ने 25 रन, रिचा घोष ने 19 रन और पूजा वस्त्राकर ने 14 रन का योगदान किया।इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वेयरहैम ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। इसके अलावा मेगन शट्ट, अलाना किंग और अन्नाबेल सदरलैंड ने 2-2 विकेट विकेट अपने नाम किए। वहीं एश्ले गार्डनर को एक सफलता मिली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने फोएबे लिचफील्ड के शानदार शतक की बदौलत 338 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। लिचफील्ड ने 125 गेंदों पर 119 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान एलिसा हीली ने 85 गेंदों में ताबड़तोड़ 82 रन की पारी खेली।

## फीडे महिला कैंडीडेट्स शतरंज : भारत को कोनेरु हम्पी नें भी बनाई जगह

**नई दिल्ली।** भारत की महानतम महिला शतरंज खिलाड़ी और कुछ दिन पहले ही विश्व रैपिड शतरंज मे उपविजेता कोनेरु हम्पी के पास विश्व क्लासिकल शतरंज चैम्पियन बनने का सपना पूरा करने का एक और मौका मिला है । दरअसल कल 1 जनवरी को फीडे नें आने वाले अप्रैल मे होने वाले फीडे महिला कैंडिडेट की आठवीं खिलाड़ी के तौर पर कोनेरु हम्पी के चयन की घोषणा की । शतरंज के नियमों के अनुसार निर्धारित किए गए मापदंडो के अनुसार चयनित हुए आठ खिलाड़ियों के बीच हुए इस टूर्नामेंट में जीतने वाली खिलाड़ी अगले वर्ष 2025 में मौजूदा विश्व चैम्पियन जू वेंजुन के खिताब को चुनौती देगी ।

## ला लीगा: रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद दोबारा कोचिंग नहीं करेंगे कोच कार्लो एंसेलोटी

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड में अपना वर्तमान पद छोड़ने के बाद दोबारा कोचिंग नहीं करेंगे।64 वर्षीय एंसेलोटी ने दिसंबर के अंत में एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जो उन्हें जून 2026 के अंत में उनके 67वें जन्मदिन के बाद भी क्लब में बनाए रखेगा।

मलोर्का के खिलाफ ला लीगा मुकाबले से पहले एंसेलोटी प्रेस से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह उसके बाद कहीं और काम करने पर विचार नहीं कर रहे हैं, हालांकि उन्होंने मैड्रिड में लंबे समय तक रहने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, «यह मेरा आखिरी डगआउट होगा, मैं इसकी पुष्टि कर सकता हूं। 2026 आखिरी साल हो भी सकता है और नहीं भी। मुझे मैड्रिड पसंद है और मैं यहीं रहना चाहता हूं। नए करार के बारे में उन्होंने कहा, यह तथ्य कि क्लब मेरा काम जारी रखना चाहता है, मूल्यवान है।



उन्होंने कहा, «क्लब ने इसे अभी करने का फैसला किया है क्योंकि शायद हम जो काम कर रहे हैं उससे क्लब खुश है और इसे जारी रखना चाहता है। यहां सफलता गेम जीतना है और हम यही करने की कोशिश करेंगे। कोच ने ब्राजीलियाई एफए के साथ संपर्क स्वीकार किया, जिससे वह बहुत सम्मानित और गौरवान्वित हुए, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्राजील में कोई भी कदम रियल मैड्रिड के साथ उनकी स्थिति पर निर्भर करेगा।

## रोहित शर्मा ने युवाओं को बिना शर्त समर्थन देने की जरूरत पर दिया जोर

**केपटाउन।** केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मंगलवार को नए साल के टेस्ट की पूर्व संध्या पर, भारत के कप्तान रोहित शर्मा हमेशा की तरह शांत और तनावमुक्त दिखे। हार के अंतर और सेंचुरियन में तीन दिन की समाप्ति को देखते हुए, स्वाभाविक रूप से भारतीय टीम की तीखी आलोचना हुई है, जिन्हें प्रोटियाज ने बड़े पैमाने पर हराया था। हालांकि, रोहित नतीजे से ज्यादा परेशान नहीं दिखे और उन्होंने संकट के ऐसे समय में युवाओं को बिना शर्त समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया।

मैच में भारतीय बल्लेबाजी ने जीवंत सतह पर अतिसंवेदनशील होने की एक परिचित प्रवृत्ति दिखाई दी, उनके तेज गेंदबाजों की अनुकूल परिस्थितियों का उपयोग करने में असमर्थता एक बड़ा अंतर साबित हुई।

शार्दुल ठाकुर और नवोदित प्रसिद्ध कृष्णा को विशेष रूप से संघर्ष करना पड़ा। दो मैचों की श्रृंखला में, बदलाव करना एक मुश्किल फैसला है और रोहित को ऐसा नहीं लगा कि उन्हें इसकी



आवश्यकता महसूस हुई। रोहित ने प्री-मैच कॉन्फ्रेंस में कहा, ईमानदारी से कहूं तो, मैंने इसके बारे में (तेज गेंदबाजी में बदलाव) ज्यादा नहीं सोचा है, हालांकि हमने प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ के साथ एक संक्षिप्त बातचीत की है। हमने अपनी अंतिम एकादश पूरी तरह से तय नहीं की है। जाहिर है, हर कोई चयन के लिए उपलब्ध है।' चोट की कोई चिंता नहीं है. हम शाम को बैठेंगे और तय करेंगे कि क्या सही है। मुझे अब भी लगता है कि कभी-कभी जब आपके आक्रमण में अनुभवहीनता होती है, तो हमें कुछ विश्वास दिखाना होता है। उन्होंने कहा, यह किसी भी टीम के साथ हो सकता है। जैसा कि मैंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि प्रसिद्ध अपना पहला गेम खेल रहा है, जब आप अपना पहला गेम खेल रहे होते हैं तो हम सभी घबरा जाते हैं। मैं अब भी अपने उस विचार का समर्थन करूंगा जो उसने किया है। इस स्तर पर, विशेषकर इस प्रारूप में सफल होने की अच्छी क्षमता है। यह हर किसी पर विश्वास दिखाने और उनसे काम लेने के बारे में है। केप टाउन का ट्रैक भी हरा-भरा दिखता है, ठीक वैसा ही जैसा सेंचुरियन में था। तेज गेंदबाजों के लिए सहायता वाला एक और ट्रैक अपेक्षित है और इसका मतलब दोनों पक्षों के बल्लेबाजों, खासकर भारत के बल्लेबाजों के लिए अधिक चुनौतियां होंगी। एक चीज़ जो शुरुआती गेम से भिन्न हो सकती है, जैसा कि रोहित ने ठीक ही कहा है, वह ओवरहेड परिस्थितियाँ होंगी जो प्रतियोगिता में बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने कहा,पिच वैसी ही दिख रही है जैसी सेंचुरियन में थी। हो सकता है कि इतनी घास न हो लेकिन पर्याप्त घास ढकी हुई है। ओवरहेड स्थितियां मायने रखेंगी, मुझे लगता है, यहां काफी गर्मी है। सेंचुरियन काफी ठंडा था। जब हम पिछली बार 2018, 2012 में यहां खेले थे, तो मैं वहां नहीं था लेकिन लोग मुझे बता रहे थे कि ओवरहेड परिस्थितियों के मामले में यह समान था। हम जानते हैं कि जब परिस्थितियां ऐसी होती हैं तो वास्तव में क्या आवश्यक होता है। पिच कैसी है, परिस्थितियां कैसी हैं, इसके आधार पर, हमें इसका जवाब देना होगा।

जहां रोहित को अपनी टीम की संभावनाओं के बारे में बहुत कुछ सोचना है, वहीं उनके समकक्ष डीन एल्गर अपने विदाई टेस्ट मैच के लिए तैयारी कर रहे हैं। तेम्बा बावुमा के चोट के कारण बाहर होने से, एल्गर को अपने अंतिम रेड-बॉल गेम में टीम की कप्तानी करने का दुर्लभ अवसर मिला। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज सेंचुरियन में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर था और रोहित को पता है कि उनके गेंदबाजों को अनुभवी बल्लेबाज को बड़ी पारी खेलने से रोकने के लिए अपना काम पूरा करना होगा।

## जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिप: राकेश पात्रा ऑल-अराउंड में शीर्ष पर रहे, रेलवे ने आर्टिस्टिक टीम वर्ग में जीता स्वर्ण

**भुवनेश्वर।** सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैम्पियनशिप के शुरुआती दिन कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर के जिमनास्टिक सेंटर में कुछ आकर्षक प्रदर्शन देखने को मिले। ओडिशा के राकेश कुमार पात्रा ने ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि रेलवे ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के पहले दिन 293.00 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। सर्विसेज ने 292.10 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि मेजबान ओडिशा ने 290.40 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सिद्धार्थ दास, निदेशक, खेल एवं युवा सेवाएं, ओडिशा मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर ओडिशा ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव अविजीत पॉल और एएम/एनएस इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित थे। स्थानीय नायक राकेश ने 75.05 अंक अर्जित कर ऑल-अराउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने फ्लोर एक्सरसाइज पर 12.15 अंक, पॉमिल हॉर्स पर 11.35, रिंग्स पर 14.15, वॉल्ट पर 12.75, पैरेलल बार्स पर 12.20 और हॉरिजॉन्टल बार्स पर 12.45 अंक दर्ज किए। शुरुआती दिन अपने प्रदर्शन पर राकेश ने एक आधिकारिक बयान में कहा, मैं ऑल-अराउंड में शीर्ष पर रहकर बेहद खुश हूं। यह उपलब्धि इसे और भी मधुर बनाती है क्योंकि मैंने इसे अपने घर पर, अपने लोगों के सामने हासिल किया है और उस स्थान पर जहां मैं प्रशिक्षण लेता हूं। मैं ओडिशा एएम/एनएस इंडिया जिमनास्टिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर, ओडिशा सरकार, ओडिशा जिमनास्टिक एसोसिएशन और जिमनास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया से मिल रहे समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं अब चैंपियनशिप के अंतिम दिन व्यक्तिगत प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक हूं। रेलवे के सिद्धार्थ वर्मा ने 74.75 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हासिल किया, उन्होंने फ्लोर एक्सरसाइज पर 11.30, पॉमिल हॉर्स पर 12.90, रिंग्स पर 12.30, वॉल्ट पर 13.55, पैरेलल बार्स पर 12.75 और हॉरिजॉन्टल बार्स पर 11.95 अंक हासिल किए।

